प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 23.08.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली से करेंगे राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन का शुभारंभ, किसान हित में 2 हजार 481 करोड़ रुपये किये जायेंगे खर्च।
- कुख्यात अपराधी मंयक सिंह को कड़ी सुरक्षा के बीच अजरबैन से लाया गया रांची, रामगढ़ कोर्ट में पेशी के बाद एटीएस लेगा रिमांड पर।
- देश भर में आज मनाया जा रहा है दूसरा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस, देश के अंतरिक्ष कार्यक्रमों में झारखंड का भी योगदान महत्वपूर्ण।
- राज्य में अगले तीन दिन सक्रिय रहेगा मानसून। पलामू, गढ़वा, लातेहार और चतरा में आज भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी, औरेंज अलर्ट।
- रांची में आयोजित अंडर–23 सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता में आज महिला पहलवानों के बीच मुकाबले जारी, 10 स्वर्ण समेत 40 पदक दांव पर।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन का शुभारंभ करेंगे। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पिछले सप्ताह राज्य के कृषि मंत्रियों के साथ बैठक के बाद इस संबंध में घोषणा की थी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले वर्ष नवंबर में इस मिशन को केंद्रीय योजना के रूप में मंजूरी दी थी। वर्ष 2025–26 में इस योजना का व्यय दो हजार चार सौ 81 करोड़ रुपये है, जिसमें केंद्र का एक हजार पांच सौ 84 करोड़ रुपये जबकि राज्यों का आठ सौ 97 करोड़ रुपये का हिस्सा है। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन का उद्देश्य मृदा स्वास्थ्य में सुधार, पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करना और किसानों की लागत कम करके जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करना है।

*******************

मोस्ट वांटेड अपराधी मयंक सिंह को अजरबैजान गणराज्य से आज झारखंड लाया गया है। आज सुबह एटीएस की टीम कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मयंक सिंह को लेकर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंची। यहां से मयंक सिंह को रामगढ़ भेजा गया। रामगढ़ कोर्ट में पेश होने के बाद एटीएस की टीम मयंक को रिमांड पर लेगी। मयंक सिंह के खिलाफ झारखंड के विभिन्न थानों में कुल 48 मामले दर्ज हैं। सबसे ज्यादा मामले मयंक के खिलाफ हजारीबाग जिले में दर्ज हैं। इसके अलावा रांची, रामगढ़, पलामू और गिरिडीह में भी उसके खिलाफ मामले दर्ज हैं। एटीएस से मिली जानकारी के अनुसार मयंक के खिलाफ छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर और राजस्थान में भी मामले दर्ज हैं। इसलिए राजस्थान और छत्तीसगढ़ पुलिस भी उससे पूछताछ करेगी।

*******************

आज देश में दूसरा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन 23 अगस्त 2023 में चन्द्रयान–तीन मिशन के विक्रम लैंडर को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में पहुंचाने और प्रज्ञान रोवर को चन्द्रमा पर ले जाने की याद में मनाया जाता है।

*******************

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा है कि चन्द्रमा के दक्षिण ध्रुव के पास पहुंचना भारत की महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इससे भारत चन्द्रमा की सतह पर लैंड करने वाला चौथा तथा दक्षिण ध्रुव के पास पहुंचने वाला पहला देश है। श्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत के पास जल्द ही अपना स्पेस सेंटर होगा।

*******************

देश के अंतरिक्ष कार्यक्रमों में झारखंड का भी महत्वपूर्ण योगदान है। रांची के एचईसी और मेकॉन जैसे प्रतिष्ठानों और बीआईटी मेसरा जैसे उच्च शिक्षण संस्थानों ने देश के अंतरिक्ष कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। एचईसी और मेकान जैसे प्रतिष्ठानों ने इसरो के अंतरिक्ष कार्यक्रमों और उपग्रहों के प्रक्षेपण का आधार तैयार किया है। इसरो के हर लांचिंग मिशन में एचईसी के लांचिंग पैड का ही इस्तेमाल होता है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*******************

जमशेदपुर पश्चिमी से जदयू विधायक सरयू राय ने केन्द्र सररकार द्वारा लाये गये 130वें संविधान संशोधन बिल का समर्थन किया है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ऐसी पहलों से राजनीति में शुचिता आयेगी।

इधर, झामुमो ने इस बिल का कड़ा विरोध किया है। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने इसे अलोकतांत्रिक बताते हुए कहा कि विपक्ष को समाप्त करने के मकसद से केन्द्र की सरकार इस प्रकार का विधेयक लेकर आयी है।

*******************

सिमडेगा जिले में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से जरुरतमंद लाभान्वित हो रहे हैं।

*******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 92 हजार सात सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 21 हजार रुपये प्रति किलो है।

*******************

मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले तीन दिन मानसून सक्रिय रहेगा। आज पलामू, लातेहार, गढ़वा और चतरा में भारी बारिश हो सकती है। इन जिलों के लिए औरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं रांची, खूंटी और बोकारो समेत नौ जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*******************

रांची में आयोजित अंडर–23 सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता में आज महिला पहलवानों के बीच मुकाबले हो रहे हैं। आज 10 स्वर्ण, 10 रजत और 20 कांस्य पदक दांव पर हैं। इससे पहले कल प्रतियोगिता के पहले दिन फ्री स्टाइल पुरुष वर्ग में 162 अंक लेकर हरियाणा पहले, 145 अंकों से साथ दिल्ली दूसरे और 123 अंकों के साथ एसएससीबी तीसरे स्थान पर रहा। कल आखिरी दिन प्रतियोगिता में ग्रीको रोमन स्टाइल के मुकाबले होंगे।

********************